शुभ लाभ (Shubh Labh)

दिनांक (Date)	13-03-2023	पृष्ठ संख्या (Page No.)	1	क्र. संख्या (Srl No.)	8

सीआईएसएफ की 54वीं स्थापना दिवस परेड में बोले अमित शाह

देश के विकास में सीआईएसएफ की भूमिका अहम

हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को हैदराबाद में सीआईएसएफ के 54वीं स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए। वहां उन्होंने सीआईएसएफ की परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इसके बाद शाह ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित किया।

शाह ने कहा, देश की आर्थिक प्रगति में सीआईएसएफ का बहुत अहम योगदान है क्योंकि कोई भी देश तभी प्रगति कर सकता है जब इसके उद्योगों, हवाई अड्डों और बंदरगाहों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। सीआईएसएफ ने 53 सालों में सीआईएसएफ की स्थापना के सभी उद्देश्यों को पूरा किया है। पीएम मोदी ने देश के सामने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा है। अगर इस लक्ष्य को पूरा करना है तो हमारे एयरपोर्ट, बंदरगाह, रेल लाइन, औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण है। मुझे विश्वास है आने वाले समय की सभी चुनौतियों को सीआईएसएफ पार करेगी। सीआईएसएफ के स्थापना दिवस की परेड पहली बार दिल्ली–एनसीआर से बाहर हुई है। इस बार यह परेड हैदराबाद के नेशनल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी अकेडमी में हुई। इससे

पीएम मोदी ने सीआईएसएफ को ट्वीट पर बधाई दी

पहले ये परेड गाजियाबाद के सीआईएसएफ ग्रांउड में होती थी। पिछले कुछ साल से पैरामिलिट्री फोर्सेज अपना स्थापना दिवस दिल्ली से बाहर मना रही है। 19 मार्च को सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) अपना स्थापना दिवस छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में मनाएगी जो नक्सलियों की वजह से कुख्यात था।

पीएम मोदी ने 10 मार्च को सीआईएसएफ के स्थापना दिवस पर ट्वीट कर बधाई दी थी। पीएम ने लिखा, सीआईएसएफ के स्थापना दिवस पर सभी कर्मियों को हमारी तरफ से शुभकामनाएं। हमारे सुरक्षा तंत्र में सीआईएसएफ की अहम भूमिका है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी ट्विटर पर लिखा था, सीआईएसएफ भारत के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित करने में बहुत ही स्वाभाविक पार्टनर्स हैं। मैं राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को सलाम करता हूं।